भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1875
उत्तर देने की तारीख 11.12.2025

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

1875. डॉ. संबित पात्रा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों में संशोधन करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 तक खोले जाने वाले विद्यालयों की संख्या कितनी है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) ऐसे राज्यों की संख्या कितनी है जिन्होंने अभी तक उपरोक्त योजना के अंतर्गत निःशुल्क भूमि उपलब्ध नहीं कराई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या उक्त विद्यालयों की स्थापना के लिए भूमि की आवश्यकता/उपलब्धता संबंधी नियमों में ढील देने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार का जनजातीय बहुल क्षेत्रों में बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के अंतर्गत कोई विशिष्ट नीति लागू करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) ईएमआरएस की आवश्यकता की समीक्षा समय-समय पर की जाती है।
(ख) मार्च 2024 तक, 404 ईएमआरएस कार्यात्मक बनाए गए थे। राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक **I** में दिया गया है।
(ग) ईएमआरएस की संख्या जिनके लिए राज्यों द्वारा बाधाओं (ऋण भारों) से मुक्त भूमि प्रदान नहीं की गई है, का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक **II** में दिया गया है।
(घ) सितंबर, 2020 में, 15 एकड़ भूमि की आवश्यकता के मानदंड को 10 एकड़ तक की ढील (शिथिलता) प्रदान की गई थी। 10 एकड़ भूमि में आवश्यक भवनों और खेल सुविधाओं को समायोजित किया जा सकता है। छोटे भूखंडों के मामले में केवल खेल के मैदान और अन्य खेल कोर्ट के आकार को आनुपातिक रूप से कम करना होगा।
(ङ) ईएमआरएस, जब बारहवीं कक्षा तक कार्यात्मक होते हैं, तो प्रति विद्यालय छात्रों की कुल अधिकतम स्वीकृत संख्या 480 होती है, जिसमें लड़कों और लड़कियों के लिए समान संख्या में सीटें आरक्षित होती हैं।

अनुलग्नक I

"एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय" के संबंध में डॉ. संबित पात्रा द्वारा दिनांक 11.12.2025 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1875 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

मार्च, 2024 तक कार्यात्मक किए गए ईएमआरएस का राज्य-वार ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कार्यात्मक ईएमआरएस |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 28 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 5 |
| 3 | असम | 1 |
| 4 | बिहार | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 74 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1 |
| 7 | गुजरात | 34 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 4 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 6 |
| 10 | झारखंड | 7 |
| 11 | कर्नाटक | 12 |
| 12 | केरल | 4 |
| 13 | लद्दाख | 0 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 63 |
| 15 | महाराष्ट्र | 37 |
| 16 | मणिपुर | 3 |
| 17 | मेघालय | 0 |
| 18 | मिजोरम | 6 |
| 19 | नागालैंड | 3 |
| 20 | ओडिशा | 32 |
| 21 | राजस्थान | 30 |
| 22 | सिक्किम | 4 |
| 23 | तमिलनाडु | 8 |
| 24 | तेलंगाना | 23 |
| 25 | त्रिपुरा | 6 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 2 |
| 27 | उत्तराखंड | 4 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 7 |
|  | योग | 404 |

अनुलग्नक **II**

"एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय" के संबंध में डॉ. संबित पात्रा द्वारा दिनांक 11.12.2025 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 1875 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ईएमआरएस, जिनके लिए राज्यों द्वारा बाधाओं (ऋण भारों) से मुक्त भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है, का राज्य-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | ईएमआरएस की संख्या जिनके लिए राज्यों द्वारा बाधाओं (ऋण भारों) से मुक्त भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 2 | मेघालय | 4 |
| 3 | ओडिशा | 3 |
| 4 | मणिपुर | 1 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 4 |
| 6 | झारखंड | 3 |
| 7 | महाराष्ट्र | 1 |

****